## बुकिंग्स

बुकिंग्स, सिटी हॉल (City Hall) में स्थित सिटी क्लर्क के ऑफिस में, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8:30 बजे से शाम 4 बजे तक (कानूनी छुट्टियों को छोड़कर) या ऑनलाइन, www.brampton.ca/SkipTheLine पर की जा सकती हैं

- तारीखें और समय उपलब्धता के अधीन हैं।
- समारोह की बुकिंग से पहले शादी का वैध लाइसेंस खरीदना आवश्यक है।

## स्थान

सिविल विवाह समारोह, 2 वेलिंग्टन स्ट्रीट वेस्ट, ब्रैम्पटन (2 Wellington St. W. Brampton) पर स्थित ब्रैम्पटन सिटी हॉल में, मंगलवार से शुक्रवार तक, कार्य समय के अंदर किए जाते हैं (कानूनी छुट्टियों को छोड़कर)। इस स्थान पर अधिकतम आठ (8) व्यक्ति आ सकते हैं, जिनमें शामिल हैं, आवेदक, गवाह और मेहमान (इनके अलावा अन्य की अनुमति नहीं है)। जोड़ों को चाहिए कि वे अपने समारोह के लिए कपड़े पहनकर तैयार होकर ही आएं क्योंकि वहां कपड़े बदलने की कोई सुविधा नहीं है। निजी पोशाक, समारोह के मुताबिक होनी चाहिए, ताकि समारोह की मर्यादा कायम रखी जा सके, हालांकि शादी वाली औपचारिक पोशाक जरूरी नहीं है।

आज ही अपना सिविल विवाह समारोह ऑनलाइन,
**www.brampton.ca/SkipTheLine**
पर बुक करें या
सिटी क्लर्क के ऑफिस जाएं!

अधिक जानकारी के लिए, कृपया सिटी क्लर्क के ऑफिस को 905.874.2101 पर संपर्क करें या हमारे पास ब्रैम्पटन सिटी हॉल 2 वेलिंग्टन स्ट्रीट वेस्ट पर आएं

निवेदन करने पर वैकल्पिक फॉरमैट उपलब्ध हैं।

BRAMPTON

# सिविल विवाह समारोह

# समारोह

- समारोह 30 मिनटों तक का होता है।
- फूलों की थोड़ी-सी सजावट की अनुमति है लेकिन वे समारोह खत्म होने पर आवेदकों द्वारा हटाए जाने आवश्यक हैं।
- समारोह में या सिटी हॉल के ग्राउंड्स में मोमबत्तियों, रंग-बिरंगे कागजों के टुकड़ों, चावलों, धूप, बुलबुलों या ऐसी अन्य वस्तुओं की अनुमति नहीं है।

# दुभाषिए

आवेदक(कों) के लिए दुभाषिया प्रदान करना आवश्यक है, यदि वे पूरी तरह अंग्रेजी पढ़ते या समझते नहीं हैं।

- दुभाषिए के लिए जरूरी होगा कि वह विवाह समारोह से पहले वैध फोटो पहचान प्रदान करे और दुभाषिए की कसम फार्म पूरा करे।
- दुभाषिया गवाह नहीं बन सकता।

# गवाह

विवाह समारोह के दौरान दो (2) गवाह मौजूद होने आवश्यक हैं (प्रत्येक आवेदक के लिए एक)। गवाहों को प्रति गवाह 30 डॉलर का खर्च दिया जा सकता है और उन्हें समारोह से कम से कम तीन (3) कार्यदिवस पहले बुक किया जाना आवश्यक है।

गवाहों की उम्र कम से कम 16 वर्ष होनी आवश्यक है और वे पूरी तरह अंग्रेजी समझते और बोलते हों।

# रद्द करने की पॉलिसी

तय किए हुए समारोह को सात (7) कार्यदिवसों से पहले रद्द करने पर रिफंड दिया जा सकता है और इसके लिए 50 डॉलर प्लस एच.एस.टी. (HST) (56.50 डॉलर) एडमिनिस्ट्रेशन फीस लगती है।

तय किए हुए समारोह को सात (7) कार्यदिवसों के बाद रद्द करने पर रिफंड नहीं दिया जाता।

# तारीख में बदलाव

समारोह से पहले सात (7) या अधिक कार्यदिवसों में तारीख बदलने पर रिफंड दिया जा सकता है और इसके लिए 50 डॉलर प्लस एच.एस.टी. (HST) (56.50 डॉलर) एडमिनिस्ट्रेशन फीस लगती है।

समारोह के सात (7) कार्यदिवसों के बाद तारीख बदलने पर समारोह रद्द माना जाएगा और इसके लिए रिफंड नहीं दिया जाता। तारीख या टाइम स्लॉट में बदलाव उपलब्ध होने पर ही किया जा सकता है।

# लेट पॉलिसी

यह सलाह दी जाती है कि सभी पक्ष (जोड़ा और दो गवाह), यह सुनिश्चित करने के लिए कि समारोह योजना के मुताबिक हो, अपने तय समारोह से 15 मिनट पहले इकट्ठे पहुंच जाएं।

तय समारोह से लेट पहुंचने वाले आवेदकों, गवाहों और मेहमानों को जगह नहीं दी जाएगी – इसमें कोई छूट नहीं है।

लेट पहुंचने वाले आवेदकों को “गैरहाजर” माना जाएगा, समारोह रद्द किया जाएगा और फीस रिफंड नहीं की जाएगी। इस पॉलिसी में कोई छूटें नहीं हैं।

# फीसें

सिविल समारोह के लिए फीस, 250 डॉलर प्लस एच.एस.टी. (282.50 डॉलर) है। फीस में शादी के लाइसेंस का खर्च शामिल नहीं है, जो अलग तौर पर खरीदा जाना आवश्यक है।

- यह फीस बुकिंग के समय पूरी दी जानी आवश्यक है।

22-2932